दिनांकः 23.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–नकली बीज और दवा बेचने वालों पर नकेल कसने के लिए सरकार कानून लाएगी।
- केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा–अरावली क्षेत्र संरक्षित–कांग्रेस इसे लेकर भ्रम फैला रही है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार प्रदान किये।
- प्रदेश में आज सुबह विभिन्न जिलों में कोहरा छाने से सामान्य जन–जीवन प्रभावित हुआ।

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली बीज और दवा बेचने वालों पर नकेल कसने के लिए कानून लाने वाली है। श्री चौहान आज नागौर के मेड़ता सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले सत्र में सरकार दो कानून लाने वाली है। इन कानूनों के बाद घटिया बीज और दवा बेचने वाले नहीं बच पायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे हो चुका है। जिन्हें अभी तक आवास नहीं मिला है, वे चिंता न करें। अब तय कर दिया गया है कि 15 हजार रुपए की तक की आमदनी वाले को भी मकान मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना की विभिन्न शर्तों में भी छूट दी जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कमियों को दूर करने का भी प्रयास कर रही है।

................

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर फैलाई जा रहीं नकारात्मक बातें बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में मजदूरों और किसानों के कल्याण को ध्यान में रखा गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के उतथान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से किसान, युवा, महिला, मजदूरों को मजबूत बनाने के लिए एक के बाद एक कदम उठाये जा रहे हैं।

.............

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 2 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि का स्वीकृति पत्र भी दिया। इस अवसर पर विभिन्न कृषक कल्याण योजनाओं के अन्तर्गत किसान–पशुपालकों को डीबीटी हस्तांतरण के साथ ही नागौर जिले के 351 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण–शिलान्यास भी किया गया।

000

पूर्व प्रधानमंत्री, किसान नेता और भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। आज के दिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ–साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित किया था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया गया। पाली के कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

000

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि अरावली के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरावली क्षेत्र संरक्षित है और माइनिंग को लेकर नीति के अनुसार काम किया जाएगा। श्री यादव आज कोटपूतली–बहरोड़ के दौरे पर रहे। बहरोड़ के नारायणी देवी महाविद्यालय में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम और विचार गोष्ठी में भाग लेने के

बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। माइनिंग के बाद खाली भू–भाग पर भी अब हरियाली होगी।

000

विधानसभा की सदाचार समिति ने विधायक निधि में कथित कमीशन मांगने वाले तीनों विधायकों को पूछताछ के लिए फिर बुलाया है। कमेटी ने खींवसर से बीजेपी विधायक रेवंतराम डांगा, हिंडौन से कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और बयाना से निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत को नोटिस जारी कर 6 जनवरी को पेश होने को कहा है। जयपुर में आज हुई कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कमेटी के सभापति कैलाश वर्मा ने कहा कि जरूरत पड़ने पर स्टिंग के वीडियो को एफएसएल जांच के लिए भेजा जा सकता है। श्री वर्मा ने कहा कि तीनों विधायकों ने अलग–अलग समय मांगा था। उसके हिसाब से वक्त देते हुए कमेटी ने नोटिस जारी कर पूरे सबूत, दस्तावेज और ऑडियो–वीडियो के साथ तैयारी से आने को कहा है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार–2025 प्रदान किए। यह विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान है। पद्‌म विभूषण प्रोफेसर जयंत विष्णु नारलिकर को मरणोपरांत विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आठ वैज्ञानिकों को विज्ञान श्री पुरस्कार और 14 युवा वैज्ञानिकों को विज्ञान युवा श्रेणी के अंतर्गत सम्मानित किया गया, जबकि विज्ञान में टीम पुरस्कार अरोमा मिशन सी एस आई आर को दिया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज चित्तौड़गढ़ में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देशवासियों द्वारा स्वदेशी सामानों का उपयोग करने पर ही भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकेगा। स्वदेशी उत्पादों की बढ़ोतरी से ही, विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम होगी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मेजर नटवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हो रहा ये महोत्सव 28 दिसम्बर तक चलेगा।

महोत्सव में 300 से अधिक स्टॉलों में देश के विभिन्न प्रांतों से आए स्टार्टअप्स और व्यापारी अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रहे हैं। स्वदेशी महोत्सव में राजीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूह के साथ–साथ दूसरे राज्यों के उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया है।

000

भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा के देवखेड़ा गांव में स्वतंत्रता सेनानी, राजस्थान केसरी केसरीसिंह बारहठ की प्रतिमा का आज केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अनावरण किया। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि श्री बारहठ का राष्ट्रप्रथम का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पथ पर अग्रसर है और आज वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने शाहपुरा में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा भी की।

000

प्रदेशभर में क्रिसमस पर्व और नववर्ष के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इन्हें मनाने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। रणथंभौर में देशी–विदेशी सैलानियों की भरपूर आवक हो रही है। इससे वहां के पर्यटन स्थल गुलजार हैं। और ब्यौरा हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता से –

000

प्रदेश में आज सुबह विभिन्न जिलों में कोहरा छाने से सामान्य जन–जीवन प्रभावित हुआ। सीमावर्ती इलाकों में कई स्थानों पर दृश्यता 30 मीटर से भी कम दर्ज की गई, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच, आज सुबह सीकर जिले के फतेहपुर में घने कोहरे के कारण स्कूल बस और एंबुलेंस की टक्कर में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 7 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान माउंट आबू में दर्ज किया गया। इस सप्ताह न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

हालांकि आगामी 24 घंटों में कई स्थानों पर कोहरा छाये रहने की आशंका है। विभाग ने आने वाले दिनों में घने कोहरे और शीतलहर की संभावना जताते हुए वाहन चालकों को सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

000

खान और भूविज्ञान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उड़ीसा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की खनन क्षेत्र की कार्यप्रणाली और बेस्ट प्रेक्टिसेज का अध्ययन करेंगे। विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के तीन अलग–अलग दल तीनों प्रदेशों में अध्ययन के लिए भेजे जा रहे है। ये दल इन राज्यों में तकनीक का उपयोग, राजस्व वृद्धि और नियमों का अध्ययन कर राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की टीमें उड़ीसा और मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गई हैं, वहीं छत्तीसगढ़ जाने वाली टीम जनवरी के पहले सप्ताह में रवाना होगी।

000

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह कल आयोजित किया जाएगा। इसमें कुलाधिपति और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिरकत करेंगे। समारोह में वर्ष 2024 की 1 लाख 20 हजार से ज्यादा उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही 46 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। 65 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किये जाएंगे। समारोह के बाद अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय में पीएम रूसा प्रोजेक्ट के तहत तैयार भवनों का भी लोकार्पण किया जाएगा।

000